Title: Regarding feeding of wrong answers in the computer in the entrance test of Medical Colleges in Maharashtra.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : उपाध्यक्ष महोदय, मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुरूप महाराट्र में मैडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए कॉमन एन्टरेन्स टैस्ट लिया जाता है। इसमें अबकी बार घोटाला हुआ है और यह पहली बार हुआ है । अभी तक वहां की यूनिवर्सिटी इस टैस्ट को कंडक्ट करती थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद वहां के डायरेक्टर ऑफ हैल्थ ने यह एग्जाम कंडक्ट किया। इसमें चार फेज होते हैं।

68,000 स्टुडेन्ट उसमें बैठे थे। उसमें चार फेज़ हैं - 11, 22, 33 और 44, लेकिन 33 में 8एम का गलत आन्सर फीड किया गया जिसके कारण 16,000 स्टूडेन्ट उससे प्रभावित हुए। महाराट्र के हैल्थ मिनिस्टर कल यहां आए थे। उन्होंने अपने यहां 363 सीट मांगी हैं जिसमें से 300 एम.बी.बी.एस. के लिए और 63 डेन्टल कालेज के लिए मांगी हैं। वह सीटें देने के लिए सरकार ने अनुमति दी या नहीं दी, यह हम सरकार से जानना चाहते हैं और जिन लोगों ने परीक्षा में घपला किया, उन पर क्या कार्रवाई की गई? आगे इस प्रकार की गलती न हो इसके लिए सरकार ने क्या उपाय किये हैं? स्टेट गवर्नमेंट में इसके पहले मैडिकल ऐक्ज़ाम युनिवर्सिटी कंडक्ट करती थी। हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि इसको ठीक करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? यहां संसदीय कार्य मंत्री बैठे हैं जो महाराट्र से ही हैं, वे कुछ जवाब दें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. I cannot compel him.

SHRI MOHAN RAWALE : But he wants to answer me.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If he wants to answer, then it is all right.

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : अध्यक्ष जी, मैं समस्या समझ सकता हूँ लेकिन इसमें दो बातें अलग से कही हैं कि महाराट्र में शायद किसी परीक्षा में उत्तर के संबंध में कंप्यूटर में कुछ चीजें गलत फीड होने से वहां उत्तर में कोई समस्या हुई जिसके कारण विद्यार्थियों का नुकसान हुआ। मैं सूचना प्रौद्योगिकी का मंत्री हूँ लेकिन कंप्यूटर में कहीं गलत फीड होता है तो उस राज्य को देखना पड़ेगा और वहां उसका निपटारा करना पड़ेगा। दूसरा, केन्द्र सरकार से कहा है कि केन्द्र सरकार ऐसी स्थिति में 363 मैडिकल की सीट्स बढ़ाकर महाराट्र को दें। मुझे भी इसकी जानकारी अभी ही मिली है कि वहाँ के स्वास्थ्य मंत्री केन्द्र सरकार से मिले हैं। मैं स्वास्थ्य मंत्री से पूछकर माननीय संसद सदस्य को सूचित कर दूँगा कि सरकार ने इस संबंध में क्या किया है।